Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 12-10-2022 | अंक 370

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क दुर्घटना में घायल बुजुर्ग की इलाज के दौरान हुई मौत



चौपारण थाना अंतर्गत पिपरा निवासी कोकिल साव बीते शाम अपने घर के बाहर टहल रहे थे। इसी क्रम में एक बाइक सवार ने उन्हें अपने चपेट में ले लिया। और घसीटते हुए काफी दूर ले गया जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सड़क पार करने के दौरान युवक घायल, रेफर



बरही हजारीबाग में रोड में सड़क पार करने के दौरान इकराम ऊल अंसारी उम्र 17 वर्ष पिता आसिफ अली को विजय रथ बस ने अपने चपेट में ले लिया, जिसमे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों के सहयोग से उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

### बाइक से गिरकर महिला घायल



बरही थाना अंतर्गत चारमाइल के नजदीक हुई सड़क दुर्घटना में रूबी देवी उम्र 23 वर्ष पति मुकेश कुमार दांगी ग्राम नावाडीह, पत्थलगड्डा जिला चतरा निवासी घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार महिला अपने पति के साथ अपना घर वापस लौट रही थी। आगे आगे चल रही कंटेनर ने जानवर को बचाने अचानक बायां लिया। जिससे महिला घबराकर बाइक से कूद गई। घायल महिला को एंबुलेंस के सहयोग से बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

APEM LIVE

# प्रत्येक गांव में विहिप का हितचिंतक बनाना हमारा लक्ष्य : अमरीश सिंह

## विश्व हिंदू परिषद की हज़ारीबाग़ विभाग स्तरीय बैठक, कार्यक्रम की हुई घोषणा, मिली जिम्मेवारी




विभाग स्तरीय बैठक में मौजूद विहिप के पदाधिकारीगण



बैठक में मौजूद विहिप से जुड़े कार्यकर्ता

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

विश्व हिंदू परिषद, हजारीबाग विभाग की विभाग स्तरीय बैठक नगर भवन बरही में दो सत्र में हुई। इस बैठक में हजारीबाग, चतरा, कोडरमा एवं गिरिडीह के सैकड़ो विहिप से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सहमंत्री एवं विशेष संपर्क सहप्रमुख अमरीश सिंह उपस्थित हुए। मुख्य वक्ता अमरीश सिंह ने कहा विधर्मीयों ने श्रद्धा एवं आस्था को नष्ट करने के दृष्टि रखकर ही भारतवर्ष के लगभग 30,000 से अधिक मानबिंदुओं को नष्ट किया। उन्होंने कहा अयोध्या में भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम, मथुरा में श्री कृष्ण मंदिर एवं काशी में बाबा विश्वनाथ का मंदिर को मात्र क्षति पहुंचाने का उद्देश्य नहीं था, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को आस्था से विमुक्त करना था। हिंदू समाज के असीम आस्था के कारण ही भगवान पुरुषोत्तम श्रीराम का मंदिर को प्राप्त करने के लिए 76 संघर्ष किए गए इसमें 4.50 लाख से अधिक हिंदुओं ने अपना बलिदान की है। कहा आज हमारा संघर्ष का उत्कर्ष काल चल रहा है। हम अपनी आंखों से भव्य श्रीराम का मंदिर देखने वाले हैं। उन्होंने कहा मंदिर हमारा सामूहिक चेतना का केंद्र रहा है। हमें आज पुनः सत्संग एवं मिलन केंद्र के माध्यम से प्राचीन परंपरा को चलाते हुए हिंदू में नई चेतना का जागरण करना आवश्यक है। उन्होंने कहा चेतना जागरण से ही गोरक्षा, हिंदू कन्या रक्षा, धर्मांतरण सहित अपनी सांस्कृतिक एवं धार्मिक मानबिंदुओं को सुरक्षित एवं व्यवस्थित रख सकते हैं। उन्होंने कहा वर्तमान चुनौतियों को देखते हुए हिंदू शक्ति का बढ़ना आवश्यक है, इसलिए हम प्रत्येक गांव में विश्व हिंदू परिषद का हितचिंतक बनाएंगे। विश्व हिंदू परिषद के प्रांत मंत्री डॉ वीरेंद्र साहू ने कहा 30 अक्टूबर एवं 2 नवंबर 2022 को हुतात्मा दिवस के अवसर पर सभी जिला केंद्रों में रक्तदान शिविर तथा 6 नवंबर से 20 नवंबर 2022 तक हितचिंतक अभियान पूरे प्रांत में चलाया जाएगा, यह अभियान प्रांत के सभी गांवों में चलेगा। हितचिंतक अभियान को सफल बनाने के लिए100 से अधिक कार्यकर्ताओं ने पूरे समय देने का संकल्प लिया। डॉ. साहू ने कहा 1 दिसंबर से 10 दिसंबर तक शौर्य दिवस पर शौर्य संचलन, 23 दिसंबर को धर्म रक्षा दिवस तथा 15 जनवरी 2023 को समरसता दिवस के रूप में पूरे प्रांत में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह ने कहा प्रत्येक इकाई में संगठन की समिति, प्रत्येक समिति का सत्संग एवं सेवा केंद्र से समाज में एक नई जागरण होगी। समाज के जागरण से ही सामाजिक कुरीतियां दूर हो सकती हैं। हितचिंतक अभियान को सफल बनाने के लिए जिला संयोजक एवं सहसंयोजकों की घोषणा की गई, जिसमें हजारीबाग जिला के लिए अरविंद मेहता को संयोजक एवं गुरुदेव गुप्ता व इंग्लिश सोनी को सहसंयोजक, कोडरमा जिला के लिए राजू यादव को संयोजक एवं पप्पू बरनवाल को सहसंयोजक, चतरा जिला के लिए भुनेश्वर साहू को संयोजक एवं राहुल कुमार को सहसंयोजक तथा गिरिडीह जिला के लिए रामकिशोर शरण को संयोजक एवं कृष्णदेव पांडेय को सहसंयोजक घोषित किए गए। बैठक में प्रांत सहमंत्री मनोज पोद्दार, प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, विशेष संपर्क प्रांत सहप्रमुख अरविंद सिंह, विभाग मंत्री मनोज चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष अरविंद मेहता , जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, प्रचार प्रमुख मिथिलेश कुमार, ज़िला गौरक्षा प्रमुख इंद्रदेव गुप्ता, श्रीवास्तव जी जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र जी,बजरंग दल संयोजक प्रशांत सिंह मिलन प्रमुख सुमंत पांडेय सह संयोजक अंकज ठाकुर, बरही प्रखंड अध्यक्ष नंदकुमार प्रखंड मंत्री कैलाश ठाकुर, प्रखंड उपाध्यक्ष संजय राणा जी सहसंयोजक नितेश कुमार नौरंगी कुमार उदय कुमार सुरक्षा प्रमुख सिकंदर कुमार पिंटू केसरी जसवंत कुमार अरविंद कुमार दशरथ यादव राजदेव यादव रंजीत यादव मनोज सिंह चौपारण प्रखंड मंत्री चंद्रशेकर जी संयोजक सोनू जी सह संयोजक मुनेश्वर जी बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष संजय यादव जी मंत्री सत्यम भारती जी बजरंग दल संयोजक टिंकु साहू जी पदमा से सुबोध शर्मा जी मंत्री सिकंदर जी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

APEM WELFARE FOUNDATION
(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Cont. No. - 7004315535, 9934337941
APEM TRUST HOSPITAL
आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता
BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME
Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 Reg. Fee : Rs. 500/-
Training Place : 1. APEM Trust Hospital New Colony, Dhanbad Road Barhi, Hazaribag 2. Tathagat Hospital Near Jheel Restaurant Urwan, Koderma
Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.
Time of Course : 90 days Form's Timing : 10 AM to 04 PM
For any Further Query, Contact us or visit us.

## बीडीओ सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खेल मैदान का किया शिलान्यास


**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



शिलान्यास में शामिल बीडीओ व अन्य

बरही प्रखंड अंतर्गत बेंदगी पंचायत में बुधवार को ग्रामीण खेल मैदान का शिलान्यास किया गया। जिसमे बीडीओ सी.आर. इंदवार, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, जीप सदस्या प्रीती कुमारी, प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, मुखिया सिकन्दर राणा शामिल हुए। बीडीओ ने कहा की यह खेल मैदान ग्रामीण बच्चो के लिए हितकरी साबित होगा। बच्चो के शारीरिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देगा। उन्होंने कहा की यदि कोई बच्चा खेलों में भाग लेता है तो उसमे सामाजिक कौशल का बहुत अच्छा विकास होता है। खेलों के दौरान आपका बच्चा अन्य बच्चों से मिलता है और उनसे बातचीत करता है। और यह उसके लिए कौशल के विकास में सहायक साबित होता है। साथ ही उन्होंने कहा की इस खेल मैदान में खिलाड़ियों के लिए शौचालय, चेंजिंग रूम और खेल मैदान को समतलीकरण कराया जाएगा। मौके पर उप मुखिया अशोक राणा, कृष्णा कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## लूना वाहन का मोह, प्रेम की जिंदगी डुबोई, 72 घण्टे बाद नदी किनारे झाड़ियो में मिला शव



मृतक का फाइल फोटो



**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

बीते दिनों चोरदाहा पंचायत के सिलोधर स्थित गोही नदी में आये अचानक बाढ़ में देहर पंचायत के नीमा निवासी प्रेम दाँगी अपने लूना वाहन के साथ बाढ़ में बह जाने की सूचना मिला। जबकि एक अन्य व्यक्ति बच गया था। खोजबीन के एक दिन बाद लूना बरामद हुवा जबकि प्रेम का कोई अता पता नही चला। घटना के बाद लगातार चौपारण पुलिस, स्थानीय लोग व परिजन आसपास के नदी तालाब में खोजबीन करते रहे। 72 घण्टे बाद प्रेम दाँगी का शव चोरदाहा स्थित मंगरदाहा नदी किनारे झाड़ियो में मिला। शव मिलने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। इधर चौपारण पुलिस ने शव को बरामद कर अन्तरपरिक्षण के लिए हजारीबाग भेज दिया। घटना के संदर्भ में बताया जाता है कि मृतक प्रेम प्रतिदिन चौपारण स्थिति सब्जी बाजार में नींबू बेचने आता था और शाम को पुनः भराही ( बिहार ) अपने घर चला जाता था। रोज की तरह आज भी प्रेम सिलोधर स्थित दोही नदी पार करने वाला था कि अचानक पानी का बहाव तेज़ हो गया। बताया जाता है कि प्रेम का लूना पानी में बहने लगा, प्रेम को लूना का मोह उसे नदी में उतारने पर मजबूर कर दिया। अचानक आये बाढ़ ने प्रेम और उसके लूना को अपने चपेट में ले लिया। मिली जानकारी के अनुसार प्रेम दाँगी के साथ जा रहे एक अन्य साथी ने उसे बहते लूना को छोड़ देने को कहा लेकिन प्रेम का वाहन का मोह उसे मौत तक ले गया।

## बेंदगी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शुभारंभ में पहुंची एसडीओ पूनम कुजूर, कुल 260 आवेदन हुए जमा, 12 रद्द, 16 का निष्पादन और 232 प्रक्रिया में




दीप प्रज्वलित करते हुए



कार्यक्रम में शामिल एसडीओ पूनम कुजूर व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष् के शुभारंभ कार्यक्रम में एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू बुधवार को बेंदगी पंचायत भवन पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शि. विर में कुल 260 आवेदन जमा किए गए। जिसमे 16 आवेदन का तुरंत निष्पादन किया गया, 12 रद्द और 232 प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर एसडीओ पूनम कुजूर ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस दौरान शिविर में प्रयाग यादव नाम के एक व्यक्ति ने बताया की उन्होंने आवास के लिए पिछले साल ही आवेदन दिया था परंतु अभी तक आवास नही मिल पाया है। वहीं आवास मिलने के आस में उन्होंने फिर से आज आवेदन दिया है। मौके पर बरही पश्चिमी जीप सदस्या प्रीती कुमारी, मुखिया सिकन्दर राणा, लता देवी, पंसस बसंती देवी, उपमुखिया अशोक राणा, झमन यादव, सखी महिला मंडल की महिलाएं सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## दिवंगत समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के स्मृति में कांग्रेसियों ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### मुलायम सिंह यादव के निधन से समाजवाद को गहरा आघातरू बिनोद यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



श्रद्धांजलि सभा में मौजूद लोग

भारतीय राजनीति के मजबूत स्तंभ समाजवादी पार्टी के संस्थापक उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत मुलायम सिंह यादव के स्मृति में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सिपाहियों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। शोक सभा का आयोजन पंचमाधव के जन जागरण केंद्र में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप व संचालन प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू ने किया। श्रद्धांजलि सभा में बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से दिवंगत नेता को पुष्प अर्पित किए। तत्पश्चात सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किया। कांग्रेस जिला महासचिव विनोद कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा नेताजी भारतीय राजनीतिक में आदर्श पुरुष थे । उनकी व्यक्तित्व एवं कृतित्व को चंद शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। श्रद्धांजलि देने वालों में मुख्य रूप से कांग्रेसी जिला महासचिव विनोद कुमार यादव, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, रघुनंदन गोप, गाजो यादव ,प्रखंड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस जिला सचिव दीपक गुप्ता, द्वारिका रविदास, परमेश्वर यादव ,राजेंद्र यादव ,यमुना यादव ,छोटन गोप ,विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## लस्करी छठ घाट जाने का रास्ता काफी जर्जर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी छठ घाट जाने वाली मार्ग इन दिनों कीचड़ में तब्दील हो गया है। ग्रामीणों ने बताया की यहां सड़क की अच्छी सु. विधा नहीं रहने के कारण छठ व्रतियों को काफी कि. ठनाई होती है। इस गांव के लगभग 70 परिवार इसी रास्ते से छठ घाट पूजा करने के लिए जाते है। साथ ही साथ ग्रामीणों ने बताया की इस जर्जर सड़क से होकर चलने में हमेशा खतरा बना रहता है। जिसको लेकर उन्होंने विधायक एवं पंचायत के अन्य जनप्रतिनिधियों से छठ पूजा से पूर्व सड़क मरम्मती करवाने की मांग किया है।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## निः शुल्क मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट 16 अक्टूबर को

### टॉपर्स किए जाएंगे सम्मानित, मिलेगी छात्रवृत्ति की सुविधा

**अपेम लाइवः हजारीबाग**




हजारीबाग। आगामी 16 अक्टूबर को चाणक्य आइएएस एकेडमी में निरू शुल्क मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें शामिल होने के लिए अभ्यर्थी संस्थान में जाकर या 9155894686, 9155596776 पर संपर्क कर निरू शुल्क पंजीकरण करा सकते हैं। बता दें कि ओपन मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट की सबसे बड़ी खासियत है कि इसमें बड़ी संख्या में अभ्यर्थी भाग लेते हैं, जो प्रतिस्पर्धा की दौड़ में अभ्यर्थियों को अपने वास्तविकता का एहसास कराता है। साथ ही यह टेस्ट ओएमआर शीट पर लिया जाएगा और इसकी जांच भी ओएमआर मशीन के माध्यम से कराई जाएगी। चाणक्य आइएएस एकेडमी के वाइस प्रेसिडेंट विनय मिश्रा ने कहा कि जिस तरह बड़ी संख्या में अभ्यर्थी मेगा जेपीएससी टेस्ट में शामिल हो रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि अभ्यर्थियों के लिए यह काफी आवश्यक थी। उन्होंने बताया कि चाणक्य आइएएस एकेडमी अपने शुरुआती दिनों से ही यूपीएससी व स्टेट पीसीएस के क्षेत्र में खासकर झारखंड के अभ्यर्थियों में क्रांति लाकर सिविल सेवा के क्षेत्र में अव्वल पायदान पर खड़ा करने का प्रयास जारी है, जिसका मेगा जेपीएससी पीटी टेस्ट भी एक अहम हिस्सा बन चुका है। वहीं संस्थान की जेनरल मैनेजर रीमा मिश्रा ने कहा कि अब चाणक्य आइएएस एकेडमी में हर सप्ताह में रविवार को ओपन जेपीएससी टेस्ट लेने का प्रावधान किया गया है, जिसका आने वाले समय में अभ्यर्थियों पर अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने बताया कि ओएमआर शीट पर टेस्ट और ओएमआर मशीन के माध्यम से कॉपी जांच से अभ्यर्थियों में आत्मविश्वास भी बढ़ेगा और सफलता का मार्ग भी प्रशस्त होगा। उन्होंने बताया कि टॉपर्स को सम्मानित किए जाने के साथ साथ छात्रवृत्ति का प्रावधान किया गया है ताकि मेधावी प्रतिभाओं को आगे लाया जा सके। बताते चलें कि चाणक्य आइएएस एकेडमी में यूपीएससी फाउंडेशन कोर्स की ही तर्ज पर जेपीएससी फाउंडेशन कोर्स भी संचालित किया जा रहा है, जिसमें बेसिक से शुरू कर पाठ्यक्रम की तैयारी, रिविजन और इंटरव्यू यानि संपूर्ण तैयारी महज़ एक वर्ष में कराई जाती है। यह तैयारी हिंदी और अंग्रेजी दोनों माध्यमों में विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जाती है। चाणक्य आइएएस एकेडमी में अत्याधुनिक लाइब्रेरी की सुविधा के साथ साथ स्मार्ट क्लासरूम की सहायता से यूपीएससी व जेपीएससी के परीक्षा की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों की कक्षाएं संचालित की जाती है, ताकि संस्थान के हजारीबाग शाखा में भी राजधानी दिल्ली जैसी तमाम सुविधाएं मुहैया हो और अभ्यर्थियों की तैयारी को सफलता के मुकाम तक पहुंचाया जा सके।

## लोक नायक जय प्रकाश आंख अस्पताल के नाम एक और उपलब्धि -वरीय नेत्र सर्जन को मिला सम्मान

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




विश्व नेत्र दिवस के अवसर पर नेशनल प्रोग्राम फ़ॉर कंट्रोल ऑफ ब्लाइंडनेस एवम रेसचे के संयुक्त तत्वाधान में साइट सेवर्स के सहयोग से रांची में आयोजित कार्यक्रम में लोक नायक जयप्रकाश आंख अस्पताल के वरीय नेत्र सर्जन डॉ आलोक कुमार को सम्मानित किया गया। ये सम्मान उन्हें विक्तिय वर्ष 2021-22 में अधिकतम मोतियाबिंद सर्जरी करने के लिए दिया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन के मिशन डाइरेक्टर, मुख्य निदेशक स्वास्थय सेवाएं शडॉ कृष्णा कुमार, डॉ रंजीत प्रसाद नोडल ऑफिसर, श्री विष्णु सी परिदा मुख्य संचालन पदाधिकारी रेसचे, श्री सुदीप्तो मोहंती क्षेत्रीय निदेशक साइट सेवर्स, श्रीमती अरुनलता केरकेट्टा, सिविल सर्जन, रांची राजमोहन उपनिदेशक (सेवनिर्वित), जितेंद्र कुमार यादव निदेशक, अशीम भट्टाचार्य महाप्रबंधक पूर्णिमा नेत्रालय, सतीश गिरिजा सचिव नव भारत जागृति केंद्र, कृति रावत एवम करुणा निधि कार्यक्रम प्रबंधक उपस्थित थे।

## बरही कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी मृतक के घर पहुंच कर किया शोक वयक्त ,कहा हर संभव सरकारी लाभ दिलवाने का प्रयास करूँगा

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही : बीते मंगलवार को बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत तुरकबाद क्षेत्र में हुवे वज्रपात से बरही कोनरा शकरि मोहल्ला निवासी मो महताब की मृत्यु हो गई थी। जिसे बुधवार को बरही कब्रिस्तान में सुपुर्दे ख़ाक किया गया। इसी बीच बरही कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मृतक के घर पहुँच कर गहरा शोक वयक्त किया। वहीं मृतक के परिजनों को ढांढस बा. ंधते हुवे मनान वारसी ने बरही सी.ओ. से दूरभाष पर बात कर सरकारी सहायता देने की माँग किया और परिजनों को आश्वासन देते हुवे कहा के हर सरकारी सहायता दिलवाने का हरसंभव प्रयास करूँगा। मौके पर बरही कोंग्रस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ,ओ बी सी जिला उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता ,बरही विधायक प्रति. निधि सुनील साहू ,बरही कांग्रेस प्रखण्ड उपाध्यक्ष देवचंदन यादव ,तौकीर रज़ा सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## आपकी योजना, आपकी सरकारी आपके द्वार कार्यक्रम का चोरदाहा से शुभारंभ

### पंचायतो में पहुँचेगा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं उठाये लाभ : जीप सदस्य





**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**

आम जनों तक राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार के महत्वाकांक्षी आउटरीच कार्यक्रम ष्आपकी योजना आपकी सरकारी आपके द्वारष कार्यक्रम का शुरुवात चौपारण प्रखण्ड के चोरदाहा पंचायत से हुवा। कार्यक्रम का शुभारंभ बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा, जिला परिषद सदस्य राकेश रंजन, स्थानीय मुखिया अर्चना हेबरम आदि ने सामुहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ ने बताया कि कार्यक्रम दो चरणों मे आयोजित किया जाएगा जिसके तहत पहला चरण 12 अक्टूबर से 22 अक. टूबर और दूसरा चरण 1 नवंबर से 14 नवंबर 2022 तक चलेगा। पहले दिन चोरदाहा पंचायत में भिन्न भिन्न विभागों का स्टॉल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना गया और स्थल पर समाधान किया गया। कई योजनाओं के लाभार्थियो का आवेदन स्वीकार्य कर अग्रेतर कार्यवाई के लिए अग्रसारित किया गया। जीप सदस्य राकेश रंजन ने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं पंचायत तक पहुँच रहा है उसका लाभ उठावे। मुखिया ने इस कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इससे आम जनो को लाभ मिलेगा। सरकार की योजनाएं जैसे बिरसा हरित ग्राम योजना, पोटो हो खेल विकास योजना, फूलो-झानो आशीर्वाद अभियान, रोजगार सृजन योजना, पशुधन विकास योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, कंबल वितरण, छात्रवृत्ति योजना, सर्वजन पेंशन योजना जैसी कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव 16 अक्टूबर को

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**




चंदवारा प्रखंड कोडरमा झारखंड पुलिस मेंस एसोसिएशन का चुनाव 16 अक्टूबर को कोडरमा पुलिस लाइन केंद्र में होगा चुनाव को लेकर पुलिस मेंस एसोसिएशन के उम्मीदवार तैयारी कर रहे हैं। 13 अक्टूबर को विभिन्न पदों के लिए पुलिस लाइन कोडरमा में नामांकन किया जाएगा। नामांकन व चुनाव में पर्यवेक्षक के रुप में जमशेदपुर रेल पुलिस मौजूद रहकर चुनाव प्रक्रिया और नामांकन प्रक्रिया को सफल बनाने में अपना योगदान देंगे। पुलिस मेंस एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, कोषाध्यक्ष, संयुक्त मंत्री, अंकेक्षण, केंद्रीय मंत्री कुल 7 पद का चुनाव होगा। चुनाव में दो गुट के 14 प्रत्याशी समेत कई निद. 'लीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में है। चुनाव की तैयारी को लेकर सभी प्रत्याशी अपना अपना दमखम लगा रहे हैं। प्रत्याशी वोटरों को लुभाने के लिए कई तरह के वादे कर रहे हैं। दोनों पार्टी अपना अलग-अलग पुलिस के हित का एजेंडा दिखा रहे हैं। दोनों गुट के प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में मत करने के लिए जोर-शोर लगा रहे हैं। चुनाव को लेकर पुलिस लाइन केंद्र समेत विभिन्न थाना पिकेट में वोटर को लुभाने को लेकर चहल-पहल है।

## बेंगोकला पंचायत में चलाया गया अफीम की खेती के विरुद्ध जागरूकता अभियान

### पोस्ता की खेती और उग्रवाद नहीं,विकास के नाम से जाना जाएगा बेंगोकला पंचायत : ग्रामीण

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के बेंगोकला कला में बुधवार को पोस्ता की खेती के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच पदाधिकारियो एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने जागरूकता अभियान चलाया ।इस जागरूकता अभियान में जीप अध्यक्षा ममता कुमारी,उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी,अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज़ अंसारी,जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी,बी डी ओ हुलास महतो,प्रमुख इंदु देवी,थाना प्रभारी विकास पासवान सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने पोस्ता की खेती न करने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया ।जिसमें सैकड़ो की संख्या के ग्रामीण भी मौजूद थे ।अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के साथ साथ एस डी एम साहब ने बेंगोकला पंचायत के आम ग्रामीणों को पोस्ता से होने वाला नुकशान को बताया ।और पोस्ता की खेती करने वालो को क्या कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है इसकी जानकारी थाना प्रभारी विकास पासवान ने लोगो को दिया ।जिसके बाद बेंगोकला के ग्रामीणों ने कहा कि अब बेंगोकला पंचायत पोस्ता की खेती और उग्रवाद के नाम से नहीं ये क्षेत्र अब विकास के नाम से जाना जाएगा ।कहीं एस डी यो मुमताज़ अंसारी ने कहा कि पोस्ता की खेती जो भी महिला पुरुष लगातार करते हैं कुछ दिनों ले बाद नपुंसक होने की भी बाद सामने आ रही है ।मौके पर विनय चौबे,मुरली राम सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

ROSHAN COMPUTER INSTITUTE
RCI BARHI 2018
Add : Hazaribag Road (Near Pani Tanki), Barhi
These classes are going on...
COMPUTER | SPOKEN ENGLISH
COMPETITION CLASS
Arts & Commerce
Demo class is going on...
DIRECTOR :-
RAKESH ROSHAN
Call : 9110908004

## आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन






**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखंड के मीरगंज पंचायत में बुधवार को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, सीएमईजीपी भूमि राजस्व मामले का निष्पादन, धोती साड़ी, लूंगी वितरण, भूमि लगान रसीद,बिजली पेयजल समस्याओं का निष्पादन, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी),फूलो झूलो आशीर्वाद योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, हरा राशनकार्ड सेवा अधिकार अंतर्गत आवेदनों का निष्पादन,15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत योजना सर्वजन पेंशन योजना, प्रस्ताव श्रमिकों, प्रवासी श्रमिकों एवं परिवारों को श्रमदान योजना में निष्पादन, राशनकार्ड का आधार कार्ड से लिंक, मन. रेगा अंतर्गत हर गांव में न्यूनतम 5 पॉइंट 5 योजनाओं का शुभारंभ अन्य आदि कार्य योजना में आवेदन आदि विषयों को लेकर मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के निर्देश पर आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रमोद राम मुख्य रूप से उपस्थित थे । उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जन वितरण प्रणाली से संबंधित राशन कार्ड,साड़ी धोती योजना के अलावा सुखी संपन्न परिवार का राशन कार्ड काटने तथा गरीब परिवार को जोड़ने की अपील की। साथ ही साथ उन्होंने राशन कार्ड में मिलने वाले अनाज की मात्रा की विस्तार रूप जानकारी दिये ।वहीं उपस्थित वहीं पशुपालन विभाग से शंकरदेव प्रसाद ने गव्य विकास योजना ,मुर्गी ,बकरी, सूअर बत्तख पालन आदि योजनाओं की जानकारी विस्तार रूप से दिए उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठाएं वहीं बीडीओ बैद्यनाथ उरांव ने सरकार के महत्वकांक्षी योजनाओं का जानकारी देते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत तीन पेंशन आते हैं जिसमें इंदिरा गांधी वृद्धा अवस्था पेंशन,दिव्यांग पेंशन,विधवा पेंशन शामिल है वहीं इन पेशनों के आवेदन में बीपीएल नंबर अनिवार्य है तथा राज्य विधवा सम्मान पेंशन योजना, राज्य ग्रामीण सामाजिक सुरक्षा पेंशन में बीपीएल नंबर अनिवार्य नहीं है उन्होंने यह भी कहा कि पारिवारिक लाभ के तहत लाभुकों को मुआवजा दिया जाता है आपदाकाल से मरने वाले को भी मुआवजा दी जाती है लेकिन पोस्टमार्टम कराना अनिवार्य है उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, दीनदयाल आवास योजना की विस्तार रूप से जानकारी दी वहीं जेएसएस राजो पासवान ने कहा कि रोजगार सृजन योजना में विस्तार रूप से जानकारी दी साथ ही साथ इसका लाभ लेने की अपील की वहीं एलडीएम ने बताया कि केसीसी लोन माफ योजना की जा रही है इसके तहत लोग अपना आधार कार्ड, बैंक पासबुक लेकर प्रज्ञा केंद्र जाएं और इस योजना का लाभ उठाएं कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर,जेएसपीएल के द्वारा भी शिविर लगाए गए शिविर में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कोरोना वैक्सीन दी गई शिविर के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ,वृद्धापेंशन,फूलो झूलो किशोरी समृद्धि योजना,पशुधन योजना,15 वें वित्त आयोग अंतर्गत आदि योजनाओं का 500 आवेदन प्राप्त हुआ मौके पर जिला नियोजन पदाधिकारी इमरान फारुखी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल चंद्रशेखर कुमार,कनीय अभियंता सुनील कुमार, एमओ विजय शंकर, मुखिया मंटू चौधरी, उपमुखिया विमल कुमार उर्फ पिंटू सिंह, जेएमएम महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्यूटी कुमारी आदि उपस्थित थे

## विष्णुगढ़ में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में उमड़े लाभुक

### सरकार की कई लोक कल्याणकारी योजनाओं का मिला लाभ

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**




आयोजित शिविर में एक दिव्यांग को ट्राईसाइकल देते अधिकारी समेत अन्य

प्रखंड के खरना पंचायत से बुधवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के प्रथम चरण की शुरुआत की गई। पंचायत के बारा गांव में आयोजित शिविर का उद्घाटन प्रमुख जैबुन निशा, बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, मुखिया निर्मला देवी समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से की। शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं का अ०न द स्पॉट निराकरण किया गया। शिविर में लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी प्रकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इसके लिए शिविर में अलग-अलग विभागों से संबंधित स्टाल लगाए गए थे। मौके पर सुयोग्य लाभुकों को ग्रीन राशन कार्ड, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, सर्वजन पेंशन योजना, केसीसी ऋण, भू लगान रसीद आदि सैकड़ों आवेदन लिए गए। वहीं, जरूरतमंद लाभुकों के बीच कंबल, सोना सोबरन योजना के तहत धोती साड़ी लूंगी, दिव्यांगों के बीच ट्राई साइकिल, केसीसी ऋण आदि का भी वितरण किया गया। मनरेगा समेत कई योजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष गिरिजा साव, झामुमो जिलाध्यक्ष शंभूलाल यादव, बीपीओ राजेश कुमार, पंसस छोटेलाल बेसरा, एडीएसओ आलोक कुमार, बीपीआरओ रामचंद्र दांगी समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

दिनांकः 12-10-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर



## आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का बेंगोकला से हुआ आगाज

### जीप अध्यक्ष,उपाध्यक्ष,एस डी एम एवं सिविल सर्जन तथा बी डी ओ ने द्वीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ





**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**

कान्हाचट्टी : झारखण्ड सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार,आपका द्वार कार्यक्रम का आगाज बुधवार को कान्हाचट्टी प्रखण्ड के अतिनक्सल प्रभावित पंचायत बेंगोकला से किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी,उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवरी उर्फ बिरजू तिवारी,सदर एस डी एम मुमताज़ अन्सारी, सिविल सर्जन डॉ श्यामनंदन सिंह,बी डी ओ हुलास महतो आदि ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया।कार्यक्रम पंचायत के अतिसुदुर्वर्ती गांवों से सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे।सरकार की योजना की जनलारी के लिए कुछ लोग डोली खटोली से भी पहुंचे थे। कार्यक्रम में जे एस एल पी एस के द्वारा महिला समूहों के बीच लगभग 27 लाख रुपये की परिसम्पत्ति का भी वितरण किया गया।वहीं कुछ बृद्धाओ द्वारा पेंशन के लिए शिविर में आवेदन आया जिसमे कई जरूरत मन्दों को अ०न द स्पोर्ट में ही पेंशन की स्वीकृति दी गई।वहीं कई लोगो के बीच मनरेगा का जॉब कार्ड भी दिया गया।शिविर में सभी विभागों का स्ट०ल भी लगाया गया था।जिसमे लगभग सभी विभाग के लोग मौजूद थे।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जीप अध्यक्षा ममता देवी ने कही की सरकार की जो योजनाऐं गरीबो के लिए चलाई जा रही है उस योजना का लाभ ग्रामीण लें।किसी बिचौलिया या दलाल के फेर में न पड़ें।वहीं उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने कहा कि हेमंत सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम किया जा रहा है।ताकि आम आवाम को सरकार की योजना की जानकारी मिल सके।उन्होंने लोगो से सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए भी प्रेरित किया।कार्यक्रम एस डी एम मुमताज़ अंसारी ने भी सम्बोधित किया,उन्होंने कहा कि सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ आम लोगो तक पहुंच रहा है।चाहे राशन कार्ड हो या फिर पेंशन योजना,सरकार की इन योजनाओं को अंतिम ब्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है।मौके पर जिला सहका. रिता पदाधिकारी नीलम कुमारी,थाना प्रभारी विकास पासवान,बी पी ओ नीरज पासवान,प्रमुख इंदु देवी,उपप्रमुख सुमन सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष रामेश्वर यादव सहित सभी विभाग के प्रधान लोग मौजूद थे।

## संघर्ष से ही परिणाम को हासिल किया जा सकता है : पूर्व विधायक

**अपेम लाइव :चंदवारा**
**श्रीकांत पांडेय**



अखंड ज्योति क्लब मदन गुंडी के 34 में स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित नकआउट फुटब०ल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 11 अक. टूबर 2022 को मदन गुंडी बनाम पिपराडीह के बीच खेला गया। 30-30 मिनट के खेल में दोनों ही टीमें के बीच रोमांचक मुकाबला चला ,अंततः मैच का रिजल्ट पेनल्टी शूटआउट के जरिए निकला जिसमें पि. पराडीह की टीम 4-3 से विजय घोषित हुई इस मैच के निर्णायक सतीश कुमार सुनील यादव एवं राजेश यादव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इस पूरे टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग ली। फाइनल मैच का मैन अ०फ द मैच पिपराडीह के गोलकीपर अनिल कुमार तथा प्लेयर ऑफ द मदनगुंडी के सुधीर यादव को दिया गया इस फाइनल मैच के मुख्य अतिथि के रूप मे लोकप्रिय नेता पूर्व विधायक श्री मनोज कुमार यादव जिला परिषद सदस्य महादेव राम पंचायत समिति सदस्य महेंद्र पंडित पूर्व प्रमुख लीलावती देवी पूर्व विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव पिपराडीह पंचायत के पूर्व मुखिया धीरज रजक युवा नेता कृष्णा यादव पूर्व पंचायत समिति सदस्य जयप्रकाश पंडित एवं अखंड ज्योति क्लब के सभी वरिष्ठ एवं वर्तमान सदस्य मौजूद रहे पूरे टूर्नामेंट के सफल आयोजन में अखंड ज्योति क्लब के सदस्यों का अहम योगदान रहा। इस पूरे कार्यक्रम का संचालन क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज कुमार यादव तथा उद्घोषक की भूमिका सुदामा पांडे ने निभाई। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि श्री यादव ने बताया कि संघर्ष से ही परिणाम को हासिल किया जा सकता है तथा संघर्ष के परिणाम सही आप अपने जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं अखंड ज्योति क्लब द्वारा आयोजित इस भव्य टूर्नामेंट की सराहना की गई। मौके पर क्लब के सदस्य राजेश पासवान, महेश्वर यादव, दशरथ राणा ,किशोर पंडित, राजन पंडित ,राजकुमार यादव, रिंकू पंडित, विनोद यादव, प्रकाश यादव, महादेव पंडित, सुदामा रजक, अजीत आर्मी, अजीत यादव, उपेंद्र यादव ,भीम यादव, वीरेंद्र प्रभाकर ,नारायण पंडित, सुरेश पासवान, विनोद सर, निलेश पांडे, उमेश पंडित, दीपक यादव, पंकज यादव ,तथा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे। मैच के सफल आयोजन में राजदीप हाड. 'वेयर उर्वा मोड़, भागीरथ मेडिकल मदन गुंडी, राजू यादव शाइनिंग सक्सेस अकैडमी ,डिजायर कोचिंग सेंटर ,वे टू सक्सेस कोचिंग भीम यादव, सिकंदर पासवान, जयप्रकाश पंडित, प्रवीण यादव, उमेश पंडित, किशोर पंडित, सुदामा रजक, अंजलि वस्त्रालय, महेश यादव, बलदेव पंडित, दीपक पंडित, तथा सैकड़ों की संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## अडानी कोल खनन कंपनी के खिलाफ ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के गोंदलपुरा पंचायत अंतर्गत ग्राम गाली के प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में जिला उपायुक्त कार्यालय के पत्रांक संख्या 1364 दिनांक 1 अक्टूबर 2022 के आलोक में अदानी कोल खनन कंपनी के लिए ग्राम सभा का आयोजन होना था। ग्राम सभा के विरोध में ग्रामीण रात्रि 3 बजे से ही गाली और गोंदलपुरा के बीच में सड़क पर प्रदर्शन के लिए जमा हो गए। गांधीवादी तरीके से ग्रामीणों ने मौन प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरुप कंपनी और जिला प्रशासन द्वारा प्रतिनियुक्त अधिकारी ग्रामसभा स्थल तक नही पहुंच सके। इस प्रदर्शन में हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। प्रदर्शन में उपस्थित प्रदर्शनकारी कंपनी के विरुद्ध तख्ती लेकर रात 3 बजे से दोपहर 2 बजे तक बीच सड़क पर मौन प्रदर्शन करते रहे। ग्रामीणों के प्रदर्शन के कारण अधिक. ारियों को बिना ग्रामसभा किए बैरंग वापस लौटना पड़ा। चिलचिलाती धूप भी प्रदर्शनकारी महिला और पुरुषों के हौसले को नही तोड़ सका। कानूनगो सुनील कुमार ने कहा के किसी भी प्रक्रिया को शुरू करने से पहले कुछ मापदंड होता है उसी मापदंड के तहत एसआईए का एक रिपोर्ट विशेषज्ञ के द्वारा तैयार किया जाता है उसी रिपोर्ट को सुनाने के लिए हम यहां आए हैं। स्वतंत्र प्रवेक्षक प्रणय कुमार ने कहा के भू अर्जन से पहले सामाजिक आंकलन किया जाता है ताकि पता चले के विस्थापित ग्रामीणों के ऊपर किया प्रभाव पड़ेगा। सामाजिक आंकलन के तहत जो नकारात्मक प्रभाव और सकारात्मक प्रभाव का आंकलन किया गया था उस बारे में विस्तृत रूप से प्रणय कुमार ने जानकारी दी। कोयला खनन परियोजना के खुलने से इलाके की तस्वीर बदलेगी। यहाँ आधारभूत संरचनाओं का विकास होगा। तरक्की के नए आयाम खुलेंगे। ग्रामीणों के लिए प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के मौके बढ़ेंगे और स्थानीय स्तर पर व्यापार भी बढ़ेगा। बताया गया कि इसमें झारखण्ड सरकार एवं प्रशासन भू-अर्जन अधिनियम 2013 का पूरी तरह से पालन किया जाएगा। हालांकि अधिक. ारियों के किसी भी बात का ग्रामीणों ने कोई जवाब नही दिया। ग्रामीणों ने कहा के हम जब जमीन देना ही नहीं चाहते हैं तो ग्राम सभा क्यों होने दें। हम लोग खुद से ग्रामसभा कर जमीन नहीं देने की सूचना पहले ही संबंधित अधिकारियों को दे चुके हैं फिर भी हम ग्रामीणों को ग्रामसभा के नाम पर परेशान किया जा रहा है। हमारे पास बहु फसलीय जमीन है जिससे हम जीविकोपार्जन करते हैं। हमारे जमीन में धान, गेहूं, सरसों, अरहर, गन्ना, आलू, प्याज, चना, लहसुन, अदरक, गोभी, टमाटर, मिर्च, बैंगन, भिंडी, कद्दू, पालक सहित अनेक तरह के फसल और सब्जियां उगाई जाती है। हमारे यहां जंगल है जिससे हमें शुद्ध वातावरण और शुद्ध हवा मिलता है। मौके पर दंडाधिकारी नवीन भूषण कुल्लू, अमीन राजू दास, बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एसआई विजय सिंह, अजीत सिंह, सैलेंद्र सिंह, वीरेंद्र उरांव, अभय कुमार, सहित महिला और पुरुष सुरक्षाकर्मी उपस्थित थे।

## प्रखंड के सिंदूवारी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव प्रखंड के सिंदूवारी पंचायत में किया गया। कार्यक्रम में विधायक अंबा प्रसाद एवं हजारीबाग जिला अपर समाहर्ता राकेश रोशन शामिल हुए। विधायक अंबा प्रसाद, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रमुख फुलवा देवी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। अंबा प्रसाद ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए हेमंत सरकार के कार्यो तथा योजनाओं से अवगत कराया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहकारिता (पैक्स सदस्य निबंधन), कल्याण विभाग, सांख्यिकी जन्म-मृत्यु निबंधन, राजस्व विभाग, सर्वजन पेंशन, स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग इत्यादि का स्ट०ल लगाया गया। स्टॉल में उपरोक्त विभाग से सं. बंधित आवेदन प्राप्त किए गए। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद,एसी राकेश रौशन, प्रमुख फुलवा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रदीप तिर्की, देवकी राम, प्रहलाद कु गुप्ता, पंचायत समिति सदस्य निर्मल राम, मुखिया करम राम, उप मुखिया भाग्यवंती देवी, रिंकू रवि, आशीष पासवान, भास्कर राज, संजय रजक, प्रकाश कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम राम प्रकाश कुमार, अरुण पासवान, हीरो महतो, खुसनारायण मेहता, सुरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, अनंत कुमार, पंकज कुमार, रघनंदन प्रजापति, अगस्त शर्मा, रीमा कुमारी, हेमंत भुइंया, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, बुद्धिनाथ साव, पंकज साहू, शमशेर आलम, सुरेश महतो, रूपेश कुमार, किशोर राणा कुलेश्वर राम के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी




डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार